# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 71 | बिजौलिया - सोमवार,26 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## श्रीकरणपुर में सीमा के पास 5 करोड़ की हेरोइन जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ श्रीगंगानगर।



भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे श्रीकरणपुर क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक किलो हेरोइन बरामद की है। इसकी अनुमानित कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई गई है। हेरोइन के दो पैकेट सीमा से लगभग दो किलोमीटर दूर भारतीय क्षेत्र में एक खेत से मिले। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मादक पदार्थ ड्रोन के जरिए पाकिस्तान की ओर से गिराए जाने की आशंका है।

पुलिस अधीक्षक हरीशंकर के अनुसार, रविवार को श्रीकरणपुर थाना पुलिस, सीमा सुरक्षा बल की 118वीं बटालियन और अपराध जांच विभाग की श्रीकरणपुर क्षेत्रीय टीम ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।

# पंचायत चुनाव भाजपा के मान-सम्मान की लड़ाई, बूथ की जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं : मुख्यमंत्री

भीलवाड़ा फोकस @ सीकर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार सुबह करीब 11 बजे खाटूश्यामजी पहुंचे। यहां हेलीपैड से सीधे होटल पहुंचकर उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम की 139वीं कड़ी सुनी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने खाटूश्यामजी मंदिर में दर्शन किए और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर आगामी पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की।

**पंचायत चुनाव भाजपा के मान-सम्मान का चुनाव : मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज चुनाव केवल प्रत्याशियों का चुनाव नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी के मान-सम्मान का चुनाव है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने मतदान केंद्र की जिम्मेदारी गंभीरता से निभानी होगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रदेश सरकार के पिछले ढाई साल के विकास कार्यों और विशेष रूप से शेखावाटी जल समझौते को लेकर जनता के बीच जाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव में प्रत्याशी के रूप में कमल का फूल ही प्रमुख है और सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की मजबूती के लिए मिलकर काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने शेखावाटी क्षेत्र में पंचायतीराज चुनावों में भाजपा की मजबूती पर जोर देते हुए सभी जिला प्रमुखों और पंचायत समितियों के प्रधान भाजपा के बनाने का लक्ष्य रखा।

**खाटूश्यामजी के विकास कार्यों की समीक्षा**

कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खाटूश्यामजी में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली।



राजस्थान धरोहर संरक्षण प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत के अनुसार, बैठक में स्वदेश दर्शन योजना के दूसरे चरण के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान खाटूश्यामजी के विकास से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम और सुलभ दर्शन कराना प्राथमिकता है। खाटूश्यामजी में श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था, सड़कों और अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई।

**तोरण द्वार से बनेगा विरासत पथ**

खाटूश्यामजी कस्बे में तोरण द्वार से विरासत पथ विकसित करने की योजना है। इसके लिए आसपास के क्षेत्रों में सड़क के मध्य बिंदु से दोनों ओर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। योजना का उद्देश्य कस्बे के विकास के साथ श्रद्धालुओं के आवागमन को व्यवस्थित करना है।

इसके अलावा रोडवेज बस अड्डे को विकसित करने और कस्बे में यातायात जाम की समस्या दूर करने के लिए बाहरी परिक्रमा मार्ग बनाने पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से इन कार्यों की प्रगति और आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## नरेश मीणा के खिलाफ 8 धाराओं में मामला दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ बारां।

किसान नेता नरेश मीणा के खिलाफ बारां जिले के छबड़ा थाने में अधिकारियों को धमकाने सहित आठ धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में कृषि उपनिदेशक की ओर से जिला कलेक्टर को शिकायत भेजी गई थी। नरेश मीणा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मुकदमा दर्ज होने की जानकारी दी और आरोप लगाया कि कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के दबाव में कृषि विभाग के अधिकारियों ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया है। नरेश मीणा ने आरोप लगाया कि पंचायत चुनाव के बीच सरकार उन्हें जेल भेजना चाहती है। उन्होंने कहा कि जेल जाने के बाद भी जनता उनके साथ खड़ी रहेगी और हाथी चुनाव चिह्न पर मतदान कर पंचायत राज चुनाव में उनका बोर्ड बनाएगी। उन्होंने इसे जनता की आवाज उठाने के कारण की जा रही कार्रवाई बताया। हालांकि, अधिकारियों को धमकाने के मामले में लगाए गए ।

# सीआई को हटाने की मांग पर थाने में धरने पर बैठे वकील

भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर

वकील को जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज वकीलों ने रविवार को सवीना थाने में धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया। वकीलों ने थानाधिकारी दलबीर सिंह पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने और लाइन हाजिर करने की मांग की। करीब तीन घंटे तक चले घटनाक्रम के दौरान माहौल गर्माया रहा। स्थिति को संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा और पुलिस उपाधीक्षक छवि शर्मा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने वकीलों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। रात करीब 9 बजे मामला शांत हुआ।



**पुलिस के सामने धमकी देने का आरोप**

वकीलों के अनुसार, उनके साथी अधिवक्ता राजेश जाजोदिया रविवार दोपहर शिकायत दर्ज कराने सवीना थाने पहुंचे थे। इसी दौरान कथित आरोपी कौशल आमेटा भी थाने पहुंच गया। वकीलों का आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में ही आमेटा ने अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी दी, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई नहीं की। इसी बात से नाराज होकर वकील थाने में धरने पर बैठ गए और सीआई दलबीर सिंह को हटाने की मांग करने लगे।

**प्लॉट पर कब्जे के प्रयास को लेकर विवाद**

वकीलों के पूर्व महासचिव चेतनपुरी गोस्वामी ने बताया कि विवाद गोविंद नगर स्थित देवेन्द्र अग्रवाल के भूखंड से जुड़ा है, जो उनके साथी वकील राजेश जाजोदिया के रिश्तेदार का है। आरोप है कि कौशल आमेटा भूखंड पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा था। रविवार को भूखंड मालिक वहां सफाई कर रहे थे, तभी विवाद हुआ और कथित तौर पर पथराव किया गया।

गोस्वामी के अनुसार, इस घटना की शिकायत थाने में देने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही से भूमाफिया के हौसले बढ़ रहे हैं।

## थाने की खिड़की तोड़कर गांजा तस्करी का आरोपी फरार

भीलवाड़ा फोकस @ धौलपुर।

धौलपुर जिले के दिहौली थाने के लॉकअप से आंध्रप्रदेश का गांजा तस्करी का आरोपी खिड़की तोड़कर फरार हो गया। आरोपी की पहचान श्रीनिवासन टी के रूप में हुई है। वह 261 किलोग्राम गांजा तस्करी के मामले में पुलिस रिमांड पर था। रविवार सुबह करीब 6 बजे कांस्टेबल मनोज ने जांच की तो आरोपी लॉकअप में नहीं मिला। इसकी सूचना थानाधिकारी शैतान सिंह को दी गई, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी के रात करीब 3 बजे से सुबह 6 बजे के बीच फरार होने की आशंका है। बताया जा रहा है कि वह थाने की खिड़की तोड़कर बाहर निकला।

## दिल्ली महारैली में राजस्थान से एक लाख कार्यकर्ता जुटाने का दावा



भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

कांग्रेस की ओर से एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली महारैली की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत होने वाली इस रैली में राजस्थान से एक लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल रविवार को जयपुर पहुंचे और कांस्टीट्यूशन क्लब में पार्टी के प्रमुख नेताओं, जिलाध्यक्षों, विधायकों और सांसदों के साथ बैठक कर तैयारियों पर चर्चा की।

**राजस्थान को एक लाख कार्यकर्ताओं का लक्ष्य**

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में केसी वेणुगोपाल ने दावा किया कि दिल्ली महारैली में राजस्थान से एक लाख से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा को भी एक लाख लोगों की भागीदारी का लक्ष्य दिया गया है। वेणुगोपाल ने दावा किया कि रामलीला मैदान में होने वाली इस रैली में देशभर से दस लाख लोग जुटेंगे। रैली के साथ पैदल मार्च भी आयोजित किया जाएगा।

**मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा का मुद्दा**

वेणुगोपाल ने कहा कि यह रैली किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि देश के आम मतदाता के वोट की रक्षा के लिए आयोजित की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग के फैसलों पर सवाल उठाते हुए कहा कि लगातार नए संशोधन सामने आ रहे हैं।

# भीलवाड़ा में नवनिर्वाचित सरपंच के बेटे की कार पर पथराव, शीशे टूटे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मांडल थाना क्षेत्र की गुढ़ा ग्राम पंचायत में पंचायत चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद विवाद का मामला सामने आया है। रविवार को नवनिर्वाचित सरपंच अख्तरी के बेटे जुबेर की कार पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। घटना के समय जुबेर कार में सवार थे। पथराव से कार के आगे और साइड के शीशे टूट गए, जबकि जुबेर की आंख पर मामूली चोट आई। घटना की सूचना मिलने पर मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई।

**कार के आगे और साइड के शीशे टूटे**

जानकारी के अनुसार, सरपंच अख्तरी के बेटे जुबेर जोधपुर नंबर की कार से सरकारी स्कूल की ओर गए थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उनकी कार पर पत्थर फेंके। पथराव के कारण कार के आगे और साइड के शीशे टूट गए। इस दौरान जुबेर की आंख पर भी चोट आई। उन्हें उपचार के लिए मांडल अस्पताल ले जाया गया।

**उपसरपंच प्रत्याशी के नाम को लेकर विवाद की चर्चा**

घटना के पीछे उपसरपंच प्रत्याशी के नाम को लेकर विवाद होने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि इसी विवाद के बाद कार पर पथराव किया गया। हालांकि, पुलिस की ओर से अभी तक घटना के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।



**सोशल मीडिया पर फायरिंग की अफवाहें**

घटना के बाद मौके पर सरपंच समर्थकों सहित बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। इसी दौरान सोशल मीडिया पर फायरिंग सहित अलग-अलग तरह की अफवाहें फैलने लगीं। इससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई है।

## आसींद में 'शिव ज्योति भवन' का शुभारंभ, राजयोग और आध्यात्मिक शिक्षा का मिलेगा लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।।




प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नवनिर्मित आध्यात्मिक केंद्र 'शिव ज्योति भवन' का रविवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र के माध्यम से लोगों को राजयोग ध्यान, आध्यात्मिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम की शुरुआत संतों, ब्रह्माकुमारीज़ की बहनों और अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। संस्थान की बहनों ने अतिथियों का साफा पहनाकर, ओम शांति का दुपट्टा ओढ़ाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया।

समारोह में नगर पालिका आसींद के उपाध्यक्ष चंद्रसिंह चौधरी, थाना अधिकारी श्रद्धा पचौरी, पार्षद नितिन टेलर, प्रह्लाद शर्मा और निर्मल मेघवंशी सहित ब्रह्माकुमारीज़ परिवार की राजयोगिनी बहनें एवं शहर के नागरिक उपस्थित रहे।

## समाजसेवी एवं उद्यमी विमल पाटनी ने किए आचार्य पुलकसागर महाराज के दर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



किशनगढ़ निवासी प्रमुख समाजसेवी एवं वंडर सीमेंट के वाइस चेयरमैन विमल पाटनी ने रविवार को भीलवाड़ा पहुंच यहां चातुर्मास के लिए शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में विराजित राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाटनी मशहूर चिकित्सक डॉ. सैफी के साथ हेलिकॉप्टर से भीलवाड़ा पहुंचे थे। उन्होंने आचार्यश्री के दर्शन कर वंदन अभिनंदन किया ओर आचार्यश्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया। आचार्यश्री ने विमल पाटनी के पिता ख्यातनाम समाजसेवी कंवरलाल पाटनी के हाल ही हुए निधन को सम्पूर्ण जैन समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि उनके जैसे सद्भावी सेवाभावी व्यक्ति समाज की अनमोल धरोहर थे एवं उनके सेवा कार्यो को संघ समाज सदैव याद रखेगा। पाटनी एवं डॉ. सैफी का भीलवाड़ा पहुंचने पर श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, सह संयोजक लोकेश अजमेरा, प्रेमचंद सेठी,कमल बड़जात्या ने पगडी एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

## शक्ति शंखनाद पथ संचलन में 1100 सेविकाओं ने की कदमताल



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भीलवाड़ा विभाग की ओर से 'शक्ति शंखनाद पथ संचलन' निकाला गया। इसमें भीलवाड़ा महानगर, ग्रामीण, जहाजपुर और आसींद क्षेत्र की करीब 1100 सेविकाओं ने भाग लिया। तीन वर्ष की बालिकाओं से लेकर 70 वर्ष की वरिष्ठ सेविकाओं तक की सहभागिता रही।

राजेंद्र मार्ग विद्यालय में विजयादशमी उत्सव और शस्त्र-शास्त्र पूजन के बाद संचलन शुरू हुआ। गणवेश में अनुशासित कदमताल करती सेविकाओं का शहर में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुणा गारू, विभाग कार्यवाहिका मनीषा जाजू, प्रांत बौद्धिक प्रमुख सुशीला पारीक और प्रांत तरुणी प्रमुख कीर्ति सोलंकी मौजूद रहीं। प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख सुशीला लढ़ा ने समिति की 90 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए नारीशक्ति, संस्कार निर्माण, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रसेवा में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अंत में विभाग सह कार्यवाहिका सुशीला जाट ने आभार व्यक्त किया।

## आकृति कला संस्थान में 1 नवंबर से टेराकोटा शिल्प कार्यशाला

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



पारंपरिक कुम्हारी कला और टेराकोटा शिल्प को बढ़ावा देने के लिए आकृति कला संस्थान की ओर से 1 से 3 नवंबर तक तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें शिल्पकार राजेंद्र प्रजापति प्रतिभागियों को चाक पर मिट्टी को आकार देने और आकर्षक कलाकृतियां बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण देंगे।

कार्यशाला में अलंकृत दीपक, मोमबत्ती स्टैंड, लैंप स्टैंड सहित विभिन्न सजावटी वस्तुएं बनाना सिखाया जाएगा। संस्थान का उद्देश्य नई पीढ़ी को पारंपरिक मिट्टी शिल्प से जोड़ना और भारतीय हस्तशिल्प विरासत का संरक्षण करना है। समापन पर प्रतिभागियों की बनाई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

# 16108 श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह महोत्सव के लिए तैयारियां तेज हुई

### भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए बैठक, विभिन्न समितियों का हुआ गठन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



धर्मनगरी भीलवाड़ा सनातन भक्ति एवं श्रद्धा का नया इतिहास रचेगा जब 20 नवम्बर को 16108 श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह महोत्सव के भव्य आयोजन का साक्षी बनेगा। श्री तुलसीजी से विवाह करने के लिए राजाधिराज मेवाड़ धणी श्री गढ़बोर चारभुजानाथ की प्रथम भव्य एतिहासिक बारात का आगमन भीलवाड़ा में होगा। शहर के आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउण्ड पर होने वाले इस महामहोत्सव के आयोजन 17 नवम्बर से प्रारंभ हो जाएंगे। आयोजन से जुड़ी तैयारियां तेज हो गई है। महोत्सव के आयोजक श्री तुलसी शालिग्राम विवाह समिति की बैठक रविवार को शहर के महर्षि दधीची भवन में हुई। इसमें अब तक हुई तैयारियों की समीक्षा करने के साथ लंबित कार्यो को शीघ्र पूरा करने के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें सौपे गए दायित्वों को समर्पित भाव से निभाने ओर आयोजन को एतिहासिक सफल बनाने का संकल्प लिया। इस महाआयोजन में श्री तुलसीजी के धर्म माता-पिता के रूप में सहभागी बनने के लिए पंजीयन कराने की अंतिम समय सीमा 31 अक्टूबर है। बैठक में महोत्सव के सूत्रधार श्रीविष्णु कृष्ण तनय महाराज ने कहा कि 16108 श्री तुलसी शालिग्रामजी विवाह का आयोजन पहली बार होने जा रहा है। इस महाआयोजन को सफल बनाने के लिए सभी को तन मन धन से सहयोग करना है ओर अपने सभी परिजनों, मित्रों एवं समाजजनों को भी इस महाआयोजन से जोड़ने के लिए निरन्तर प्रयास करना है। भीलवाड़ा में पहली बार आए इस एतिहासिक स्वर्णिम अवसर से कोई वंचित नहीं रह जाए इसके लिए धर्म माता-पिता बनने के इच्छुक दंपतियों को शीघ्र पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया जाए। अधिकाधिक जन भागीदारी इस आयोजन में हो इसके लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे।

आयोजन समिति के संयोजक एसएन गग्गड़ ने आयोजन से जुड़ी तैयारियों की जानकारी देने के साथ आगे की कार्ययोजना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग से इस आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। कार्य को सहजता से पूर्ण करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जा रहा है। आयोजन स्थल की साफ सफाई के लिए भी टीम गठित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस महामहोत्सव के आयोजन 17 नवम्बर से प्रारंभ हो जाएंगे। इस दौरान 17 से 19 नवम्बर तक दोपहर 1 से 4 बजे तक रूक्मिणी मंगल कथा का आयोजन होगा। महोत्सव आयोजन में सहभागी श्रीचारभुजा पदयात्री संघ के अध्यक्ष ब्रजमोहन सोमानी ने सभी चारभुजनाथ पदयात्रियों को आयोजन से जोड़ने का संकल्प जताया।

समिति के उपाध्यक्ष हनुमान अग्रवाल ने आयोजन के लिए गठित विभिन्न समितियों के बारे में जानकारी दी ओर बताया कि किस कार्यकर्ता को क्या दायित्व सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को जो दायित्व मिला है उसे समर्पित सेवाभाव से निभाना है।

राकेश शर्मा ने टेंट की व्यवस्था में सहयोग करने का संकल्प लिया। मनोज शर्मा गोटेवाला ने भी पंजीकरण में पूरा योगदान करने का संकल्प लिया। बैठक में समिति के अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, मुख्य आचार्य योगेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र कचोलिया, सत्यनारायण मूंदड़ा, वल्लभ संकीर्तन के अध्यक्ष रमेश त्रिपाठी, महिला अध्यक्ष अलका जोशी आदि का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संचालन कार्यालय प्रभारी रजनीकांत आचार्य ने किया।

## सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर 155 यूनिट रक्तदान, पूर्व छात्रों ने पेश की सेवा की मिसाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद की ओर से शास्त्री नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 155 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। सेवा और सामाजिक सरोकार की भावना के साथ आयोजित इस शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद का संकल्प जताया। खास बात यह रही कि विद्यालय में वर्ष 1995 से 2025 के बीच अध्ययन कर चुके पूर्व छात्रों ने इस पहल की जिम्मेदारी संभाली। परिषद की ओर से लगातार पांचवें वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

पूर्व छात्र परिषद के जिला संयोजक कर्मेश व्यास ने बताया कि परिषद समाज में विभिन्न सेवा गतिविधियों के माध्यम से योगदान दे रही है। रक्तदान शिविर इसी सेवा परंपरा का हिस्सा है। पूर्व छात्रों की सक्रिय भागीदारी से हर वर्ष इस आयोजन को आगे बढ़ाया जा रहा है। शिविर में समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और मातृशक्ति ने भी भाग लेकर आयोजन को समर्थन दिया।

कार्यक्रम में विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गोविंद कुमार, पूर्व छात्र परिषद राजस्थान प्रमुख डॉ. सुनील कुमार जांगिड़, प्रबंध समिति अध्यक्ष कैलाश सराफ, विद्या भारती जिलाध्यक्ष हीरालाल टेलर, नगर निगम महापौर जसवंत कंवर, उपमहापौर राधेश्याम सोमानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण गोड़ और चित्तौड़ प्रांत संयोजक आशीष जाजू मंचासीन रहे।

शिविर के आयोजन में संयोजक नवीन कुमावत तथा सह-संयोजक हिमांशु गेंगट और केशव पत्रिया ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन सावन दिया और दीक्षित शर्मा ने किया।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में दी आहुतियां, संस्कार कार्यक्रम हुए आयोजित, 251 दीपों से द्वीप यज्ञ

### लखोटिया परिवार की ओर से आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के दूसरे दिन प्रज्ञा पुराण कथा में बताए साधना के सूत्र

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



गायत्री मंत्र की आहुतियों, आध्यात्मिक प्रवचनों और 251 दीपों की जगमगाहट के बीच अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में लखोटिया परिवार की ओर से आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का दूसरा दिन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। रविवार को आयोजित महायज्ञ, संस्कार कार्यक्रम, प्रज्ञा पुराण कथा और दीप यज्ञ में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म और अध्यात्म का संदेश ग्रहण किया। आयोजक कैलाश चन्द्र, सीए अंकित, पुलकित लखोटिया ने बताया की धार्मिक अनुष्ठान के तहत सुबह 7.30 से 10.30 बजे तक नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित प्रज्ञा पुराण कथा में कथा व्यास ने कहा कि निश्चित समय, निश्चित स्थान और निश्चित संख्या के साथ नियमित साधना करने से भगवान की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। उन्होंने साधना में अनुशासन, नियमितता और अटूट श्रद्धा के महत्व को समझाते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। शाम को आयोजित दीप यज्ञ में 251 दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों की रोशनी से आयोजन स्थल आलोकित हो उठा और वातावरण भक्तिमय बन गया। श्रद्धालुओं ने दीप यज्ञ में भाग लेकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार, 26 अक्टूबर को सुबह 7.30 से 10.30 बजे तक गायत्री महायज्ञ, संस्कार कार्यक्रम एवं पूर्णाहुति आयोजित होगी। इसके बाद दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन होगा। लखोटिया परिवार की ओर से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, सद्विचार एवं संस्कारों का प्रसार करना है।



QUICK BITES

## खजुरी उपतहसील क्षेत्र में शांतिपूर्ण संपन्न हुए पंचायतीराज चुनाव, गांवों को मिले नए सरपंच

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

खजुरी उपतहसील क्षेत्र में पंचायतीराज चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। चुनाव के बाद ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों को नए सरपंच मिले हैं। क्षेत्र में मतदान प्रतिशत भी अच्छा रहा। चुनाव परिणामों को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। कई ग्राम पंचायतों में प्रत्याशियों के बीच रोचक मुकाबले हुए, वहीं मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर गांवों की नई सरकार चुनी अब विकास की उम्मीदों पर खरा उतरने की चुनौती चुनाव संपन्न होने के साथ ही ग्रामीणों की उम्मीदें नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से बढ़ गई हैं। गांवों में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान की अपेक्षा है। अब नई पंचायतों के सामने चुनाव के दौरान किए गए वादों को धरातल पर उतारने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने की चुनौती रहेगी पंचायतीराज चुनाव में शक्करगढ़ ग्राम पंचायत से सतीश मंत्री ने किशोर शर्मा को हराकर जीत दर्ज की। वहीं बेड़ ग्राम पंचायत से संतरा बाबूलाल मीना, बाकरा से राकेश कुमार खटीक, किशनगढ़ से शैतान सिंह मीना, खेरूना से नरेंद्र सिंह राजपूत, टिटोड़ा जागीर से किशन मेघवाल, बरोदा से चैन सिंह मीना तथा लाल का खेड़ा से सुरेश मीना सरपंच निर्वाचित हुए

**बाकरा में फूलचंद मीना निर्विरोध उपसरपंच मनोनीत**

ग्राम पंचायत बाकरा में रविवार को उपसरपंच पद पर फूलचंद मीना को निर्विरोध मनोनीत किया गया। फूलचंद मीना बाघ की झोपड़ियां स्थित वार्ड संख्या एक से वार्ड पंच निर्वाचित हुए हैं। उपसरपंच चयन में सरपंच राकेश कुमार खटीक सहित सभी 11 वार्ड पंचों ने सहमति जताई।

इस अवसर पर सरपंच राकेश कुमार खटीक सहित सभी 11 वार्ड पंचों को निर्वाचन के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। निर्विरोध उपसरपंच चयन को ग्राम पंचायत में आपसी सहमति और सामंजस्य के रूप में देखा जा रहा है।

## काछोला में गीता देवी माली सरपंच, वासुदेव पालीवाल बने उपसरपंच

**17 वार्डों में निर्वाचित हुए वार्ड पंच, ग्रामीणों को विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं में सुधार की उम्मीद**

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



ग्राम पंचायत में पंचायती राज चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद गीता देवी माली सरपंच और वासुदेव पालीवाल उपसरपंच निर्वाचित हुए हैं। पंचायत के सभी 17 वार्डों में वार्ड पंचों ने जीत दर्ज की है। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। चुनाव के बाद अब ग्रामीणों की उम्मीदें गांव के विकास पर टिकी हैं। सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं में सुधार के साथ लंबित जनसमस्याओं के समाधान की अपेक्षा है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि नवनिर्वाचित टीम आपसी समन्वय से जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देगी।

वार्ड संख्या 1 से सुमन दरोगा, 2 से फूला देवी भील, 3 से दुर्गा शंकर आचार्य, 4 से सुमित्रा देवी गगरानी, 5 से वासुदेव पालीवाल, 6 से आशा धाकड़, 7 से विमला रेगर, 8 से वर्षा वर्मा और 9 से गायत्री शर्मा निर्वाचित हुईं।इसी प्रकार वार्ड संख्या 10 से दुर्गा लाल माली, 11 से गायत्री सोनी, 12 से लक्ष्मण मीणा, 13 से देबी लाल बलाई, 14 से विजय राज सोनी और 15 से मनीष बलाई निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, वार्ड संख्या 16 से सुवालाल गुर्जर तथा 17 से मदन बेरवा ने जीत दर्ज की।




# बिजोलिया में अजमीढ़ जयंती पर भक्ति और उल्लास का संगम, शोभायात्रा में झलकी स्वर्णकार समाज की एकता

**चारभुजानाथ मंदिर से समाज भवन तक निकली शोभायात्रा, सफेद वस्त्रों और पारंपरिक परिधानों में शामिल हुए समाजजन; प्रतिष्ठान बंद रखकर मनाया महोत्सव, शाम को सजी सांस्कृतिक संध्या**

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



ऊपरमाल श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की ओर से रविवार को अजमीढ़ जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। धार्मिक आस्था, पारंपरिक संस्कृति और सामाजिक एकजुटता के रंगों से सजे आयोजन में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चारभुजानाथ मंदिर से निकली शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। कस्बे के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। दिनभर चले कार्यक्रमों के बाद देर शाम सांस्कृतिक संध्या आयोजित हुई, जिसमें समाजजनों ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाई।

समाज के नरेश सोनी ने बताया कि शोभायात्रा में पुरुष, महिलाएं और युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। पुरुष सफेद वस्त्रों में नजर आए, जबकि महिलाओं ने चुनरी ओढ़कर आयोजन की धार्मिक गरिमा बढ़ाई। शोभायात्रा चारभुजानाथ मंदिर से रवाना होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए समाज भवन पहुंची। रास्ते में लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

अजमीढ़ जयंती के अवसर पर स्वर्णकार समाज के बंधुओं ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आयोजन में भागीदारी निभाई।


समाज भवन पहुंचने के बाद विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। देर शाम हुई सांस्कृतिक संध्या ने समारोह में उत्सव का रंग भर दिया। आयोजन के माध्यम से समाजजनों ने अपनी परंपराओं के प्रति आस्था और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम में शिव, गोपाल, नरेश, कपिल, प्रहलाद, महावीर, रवि, नंदकिशोर, दिनेश, गोवर्धन, अंकित, योगेश और सत्तू सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

# जिंदगी सुखी बनानी है तो जो हुआ उसे भूल जाओ ओर आगे बढ़ो-आचार्य पुलकसागर महाराज

**जीवन में व्यक्ति का मिजाज बदलने से बढ़ जाती अपनों से दूरियां**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,





जीवन में जिन रिश्तों में शर्तें आ जाती है वहां प्यार खत्म हो जाता है, मिलन नहीं होता बल्कि बहसबाजी होती है ओर समझाने वाले भी हार जाते है। शर्तों से बंधा रिश्ता तलाक की तरफ ले जाता ओर जहां तलाक हो जाता वहां सुख चैन समाप्त हो जाता है। शर्तें ओर अपेक्षा कभी सुलह नहीं होने देती वह कलह की ओर ले जाती है। जो हुआ उसे जाने दो की सोच ही सुलह का मार्ग खोलती है। ये विचार श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज ने शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में रविवार को अंतिम चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला ''जीवन जीने की कला'' पर मंगल दिव्य देशना के पांचवे दिन व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संचित कर्मो को नष्ट करने पर ही कषायों से मुक्ति मिलेगी ओर प्रेम भाव जागृत होगा। जैसे हम पुराने कलेण्डर को फेंक देते है वैसे ही पुरानी बातों को दिल से निकाल फेंकना होगा। पुरानी बातों को डिलीट करके जीना सीख लो जीवन सुखी हो जाएगा।

आचार्यश्री ने कहा कि जो पल हमे मिल रहे है उन्हें आनंद के साथ जीने को ही धर्म कहते है। ये पल ओर शरीर हमे दुबारा प्राप्त नहीं होने वाला है। माता-पिता की टोकाटोकी से कभी उन्हें दुश्मन नहीं माने वह फिर नहीं मिलने वाले है ओर उनके जाने के बाद कोई नहीं पूछेगा कि तुम अब तक कहां थे। पुरानी कड़वी बातों को याद रख जिंदगी को नरक मत बनाओ। कषायों से मुक्ति पाए बिना मोक्ष नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि कषायों को मिटाकर मन को निर्मल व पावन बनाए। कषायों के साथ क्रोध करने से दूरियां बढ़ती है।

आचार्य पुलकसागर महाराज ने कहा कि जीवन में अपने व्यवहार ओर मिजाज को मेंटन रखना सीख गए तो जिंदगी सुखमय बनी रहेगी। सब कुछ वहीं होता पर जैसे ही हमारा बर्ताव बदलता है जिंदगी प्रेम से नफरत में बदलना शुरू हो जाती है। हमारे रवैये के कारण ही निकटता एवं दूरियां आती है। इंसान वहीं होता है लेकिन उसका मिजाज बदलने से दूरियां बढ़ने लगती है। हम जो पहले था वैसा ही बनाकर रखना है। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य में जो आनंद पहली बार आता है वह फिर बाद में कम होता जाता है। समय के साथ जब एक्शन चेंज होता है तो रिएक्शन भी चेंज होता है। जिंदगी सुखी बनानी है तो हर मुलाकात को पहली मुलाकात समझो ओर हर रात को आखिरी रात समझो। अपना मिजाज मेंटन कर लेंगे तो जिंदगी से प्यार कभी समाप्त नहीं होगा। धर्मसभा में जहाजपुर से पधारे श्रेष्ठीजनों ने आचार्य पुलकसागर से चातुर्मास समाप्ति के बाद स्वस्तिधाम जहाजपुर पधारने की विनती रखी। इस पर आचार्यश्री ने कहा कि उनकी टोंक के मार्ग से श्रीमहावीरजी होते हुए आगरा की तरफ जाने की भावना है यदि अनुकूलता रही तो स्वस्तिधाम पहुंच मुनिसुव्रतनाथ भगवान के दर्शन करने की भावना रखते है। श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि प्रवचन के शुरू में पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य राजेन्द्र, रोहित, सम्यक बाकलीवाल परिवार ने प्राप्त किया। संचालन चातुर्मास समिति के महामंत्री जयकुमार पाटनी ने किया। चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष शाह एवं सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने बताया कि 30 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 8.45 से 10 बजे तक आचार्यश्री के मुखारबिंद से दिव्य देशना प्राप्त होगी। इस दौरान प्रतिदिन शाम 6.30 से 7.30 बजे तक आनंद यात्रा (प्रश्न मंच) का आयोजन हो रहा है जिसमें भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु शामिल होकर लाभ प्राप्त कर रहे है।

# भीलवाड़ा में दूसरे चरण का चुनावी घमासान 28 अक्टूबर से, सात पंचायत समितियों में मतदान

**जिला परिषद-पंचायत समिति सदस्यों के लिए 28 अक्टूबर को वोटिंग, सरपंच-पंच चुनाव 30 अक्टूबर को; मतदान के बाद उसी दिन होगी मतगणना**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पंचायती राज आम चुनाव के दूसरे चरण में जिले की सात पंचायत समितियों में चुनावी प्रक्रिया निर्णायक दौर में पहुंचेगी। रायपुर, सहाड़ा, शाहपुरा, फुलिया कलां, आसीन्द, शम्भुगढ़ और हुरड़ा पंचायत समितियों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए 28 अक्टूबर को मतदान होगा। इसके बाद 30 अक्टूबर को इन क्षेत्रों में सरपंच और वार्ड पंच चुनने के लिए वोट डाले जाएंगे। सरपंच-पंच चुनाव की मतगणना मतदान समाप्त होते ही ग्राम पंचायत मुख्यालय पर कराई जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन के लिए 28 अक्टूबर, बुधवार को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

### 29 अक्टूबर को नामांकन, 30 को मतदान

दूसरे चरण में सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए 29 अक्टूबर, गुरुवार को सुबह 8 से 11 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। सुबह 11:30 बजे नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि दोपहर 2 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके तुरंत बाद चुनाव चिह्न आवंटित कर प्रत्याशियों की अंतिम सूची



प्रकाशित की जाएगी।

सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए 30 अक्टूबर, शुक्रवार को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना की जाएगी। वहीं, उपसरपंच का चुनाव 31 अक्टूबर, शनिवार को होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

# हरि शेवा उदासीन आश्रम में बाबा शेवाराम साहब का 110वां प्राकट्य उत्सव शुरू, गुरुकुल का शुभारंभ

## रामायण के अखंड पाठ, वैदिक मंत्रोच्चार और संतवाणी से भक्तिमय हुआ आश्रम; आज शरद पूर्णिमा पर धर्म ध्वजा साहब की स्थापना, संत समागम और महाप्रसाद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में आराध्य सतगुरु बाबा शेवाराम साहब के 110वें वार्षिक प्राकट्य उत्सव का रविवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन श्रीरामायण के अखंड पाठ, वैदिक हवन-पूजन, संत-महात्माओं के सत्संग और भजन-कीर्तन से आश्रम का वातावरण भक्तिमय हो गया। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर हरि शेवा धर्मशाला के तत्वावधान में गुरुकुल की शुरुआत भी की गई। उत्सव के दूसरे दिन सोमवार को धर्म ध्वजा साहब की स्थापना के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे।

**संतवाणी और भजनों से गूंजा आश्रम**

उत्सव के पहले दिन संत-महात्माओं के सानिध्य में श्रीरामायण पाठ प्रारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं और संतों ने आहुतियां अर्पित कीं। संतों के सत्संग-प्रवचन, आरती और प्रार्थना के बाद संत-महात्माओं के लिए भंडारे का आयोजन हुआ। अन्न क्षेत्र के माध्यम से सेवा भी की गई।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में संत मयाराम, संत राजाराम, संत गोविंदराम, संत ईशानराम, संत सुयज्ञराम, संत केशवराम और बालक मिहिर ने भजनों के माध्यम से बाबा साहब की महिमा का गुणगान किया। राम जय राजाराम, राम राम जय सीताराम, भज मन नारायण-नारायण तथा हरि रूप बाबा हरिराम, शिव रूप बाबा शेवाराम और गंगा रूप बाबा गंगाराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

पुष्कर के श्रीमहंत हनुमानराम उदासीन ने 'सतगुरु संग प्रीत रखो, बेड़ा पार हो जाएगा' भजन प्रस्तुत कर सतगुरु की महिमा का वर्णन किया। भजन श्रृंखला में श्रीमहंत स्वरूपदास उदासीन अजमेर, स्वामी अमरलाल राजकोट, स्वामी मोहनदास, संत दास इंदौर, विजयमोहन शास्त्री चित्तौड़गढ़ सहित अन्य संतों ने भी प्रस्तुतियां दीं। संध्याकालीन सत्र में सत्संग, आरती और अरदास के बाद श्रद्धालुओं ने सतगुरुओं की समाधियों और धूणा साहब पर शीश नवाया। इस दौरान सतगुरुओं के समक्ष छप्पन भोग प्रसाद अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं को निर्वाण संतों और महात्माओं के दर्शन का लाभ भी मिला।

**सनातन परंपरा के संरक्षण के लिए गुरुकुल शुरू**

बाबा शेवाराम साहब के प्राकट्य उत्सव और शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हरि शेवा धर्मशाला के तत्वावधान में गुरुकुल का शुभारंभ किया गया। यहां इच्छुक विद्यार्थियों को सनातन धर्म, वेद, संस्कृत व्याकरण और ज्योतिष शास्त्र की शिक्षा दी जाएगी। गुरुकुल को महामंडलेश्वर



स्वामी हंसराम उदासीन का संरक्षण प्राप्त होगा।

शुभारंभ अवसर पर यजुर्वेदाचार्य पंडित विमलेश शास्त्री ने वेदों और सनातन धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। यजुर्वेदाचार्य पंडित रोशन शास्त्री ने वैदिक शिक्षा की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि श्री विद्या मठ काशी के सामवेदाचार्य पंडित शंभूलाल ने गुरुकुल परंपरा की जानकारी दी। स्वस्ति वाचन, वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ गुरुकुल का शुभारंभ हुआ तथा विद्वान आचार्यों और विप्रजनों का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि वैदिक शिक्षा की परंपरा महापुरुषों की तपस्या का फल है। जीवन में कोई भी पुनीत कार्य गुरु और परमात्मा की कृपा से ही संपन्न होता है। उन्होंने बाबा साहब के प्राकट्य उत्सव को हरि नाम संकीर्तन, सेवा और सुमिरन का शुभ अवसर बताया।

**आज धर्म ध्वजा स्थापना के साथ होंगे आयोजन**

संत गोविंदराम ने बताया कि उत्सव के दूसरे दिन सोमवार, 26 अक्टूबर को सुबह 5 से 6 बजे तक समाधि साहब पर मौन प्रार्थना और नाम-स्मरण होगा। सुबह 8 बजे परंपरानुसार पूजन के बाद धर्म ध्वजा साहब की स्थापना की जाएगी। इसके बाद हवन, पूजन और वंदन के कार्यक्रम होंगे।

सुबह 11 बजे से सत्संग, श्रीरामायण पाठ का भोग साहब, बाबा शेवाराम साहब के 110वें प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में लड्डू महाप्रसाद का भोग तथा अरदास-प्रार्थना होगी। दोपहर 1:30 बजे से संत-महात्माओं और विप्रजनों के लिए भंडारा आयोजित होगा। इसके बाद आम भंडारे की व्यवस्था रहेगी। अन्नपूर्णा रथ के माध्यम से नगर की विभिन्न बस्तियों में प्रसाद और अन्न क्षेत्र की सेवा भी की जाएगी।

# करवा चौथ ट्रेड फेयर में उमड़ी भीड़, महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में किया रैम्प वॉक

## आज होगा ग्रैंड फिनाले, मिसेज करवाचौथ क्वीन-2026 का होगा चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला यूनेस्को एसोसिएशन एवं इंस्पायर्ड जीआर स्टार इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में माहेश्वरी भवन, आरसी व्यास कॉलोनी में आयोजित तीन दिवसीय करवा चौथ ट्रेड फेयर के दूसरे दिन शहरवासियों की भीड़ उमड़ी। खरीदारी के साथ महिलाओं ने करवा चौथ थीम पर आयोजित फैशन सत्र में पारंपरिक परिधानों में रैम्प वॉक कर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। आयोजन में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में आरकेआरसी माहेश्वरी संस्थान के अध्यक्ष बबलू लाहोटी, उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल सोडानी, सचिव राजेंद्र पोरवाल, कोषाध्यक्ष



सुशील बिड़ला, वरिष्ठ नागरिक संस्थान के अध्यक्ष मदन लाल खटोड़, पूर्व सभापति मधु जाजू, जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान गुरुकृपा इलेक्ट्रिकल्स के सीईओ सत्यनारायण माली, विवाह ज्वेलरी के सीईओ राहुल सूर्या, बहुरानी ब्यूटीवर्ल्ड की बिनू चौहान, भाग्यश्री फैशन की अंकिता सोनी और रॉयल टच मेकओवर की खुशबू कंवर राठौड़ भी मौजूद रहीं। अतिथियों का स्वागत स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली, जिला यूनेस्को एसोसिएशन के सचिव जगदीश चंद्र मूंदड़ा और कमलेश जाजू ने किया।

आयोजन संयोजक साधना मेलाना ने बताया कि फैशन आइकन जया चौहान के नेतृत्व में आयोजित दूसरे सत्र में महिलाओं ने करवा चौथ की थीम पर पारंपरिक वेशभूषा में रैम्प वॉक किया। प्रतिभागियों ने अपने परिधानों और प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय परंपरा और फैशन का संगम पेश किया।

**आज सजेगा ग्रैंड फिनाले**


फैशन आइकन जया चौहान ने बताया कि सोमवार को ट्रेड फेयर का ग्रैंड फिनाले आयोजित होगा। इसमें रैम्प शो और ब्यूटी पैजेंट के जरिए प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। समापन समारोह में मिसेज करवाचौथ क्वीन-2026 का चयन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

# सवाईपुर बालू, बड़ला बदाम, सोपुरा कमलेश, बनकाखेड़ा में पुष्पा, बलिया खेड़ा में टीना तो रेड़वास में महावीर ने मारी बाजी


## उप सरपंचों में कोई निर्विरोध, तो मतदान से तो कोई बना किस्मत की गोटी से

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( सांवर वैष्णव ):- पंचायती राज चुनाव में शनिवार को गांवों की सरकार चुनी गई, जिसमें कई प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे, शनिवार मध्य रात्रि से रविवार सुबह तक पंच व सरपंचों के नतीजे घोषित हुए, जिसके भाग्य ने साथ दिया उसको जीत नसीब में मिली । ग्राम पंचायत बनकाखेड़ा में पुष्पा शंकरलाल जाट 513 वोटो से विजय हुई, तो नवगठित ग्राम पंचायत बलिया खेड़ा में टीना रायका 354 वोटो से जीती, वही रेड़वास ग्राम पंचायत से महावीर जाट ने 49 वोटो से



पुष्पा जाट बनकाखेड़ा




बदाम नायक बड़ला



कमलेश जाट सोपुरा



महावीर जाट रेड़वास



टीना रायका बलिया खेड़ा




बालुलाल बलाई सवाईपुर

जीत दर्ज की । वही सवाईपुर से बालु लाल सालवी 5 मतों से, सोपुरा जाटों को से कमलेश देवराज जाट को 87 वोटों से और जाटों का बड़ला से बदाम हिरालाल नायक 246 वोटों से विजेता हुई । सरपंचों के बाद रविवार को उपसरपंच बनाने की बारी आई तो इसमें जाटों का बड़ला में आशा गाडरी, बनकाखेड़ा में राजेंद्र शर्मा, बलिया खेड़ा में मोड़ी देवी जाट व रेड़वास से पान्नी देवी प्रजापत निर्विरोध उपसरपंच मनोनीत की गई । सवाईपुर में समता जाट को 4, प्रेम शंकर श्रौत्रिय को 1 व प्रहलाद सिंह को 7 मत मिले, जिसमें प्रहलाद सिंह उपसरपंच बने । वही सोपुरा जाटों का में महेंद्र जाट व गुमान देवी जाट उपसरपंच पद के लिए आमने-सामने थे, जिनमें दोनों को 5-5 मत प्राप्त हुए, इस पर गोठी डाली गई, जिसमें सरपंच पक्ष के महेंद्र जाट के नाम की गोठी खुलने पर वह उपसरपंच बना ।।

## QUICK BITES

### गुरलां में हिंगलाज राजावत बनी सरपंच, 267 वोटों से दर्ज की जीत, पिंटू माली बने उपसरपंच

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरलां।**



ग्राम पंचायत के सरपंच चुनाव में गुरला ठीकाना की पुत्रवधू हिंगलाज राजावत (हिंगलाज कंवर) ने 267 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। राजावत को कुल 952 वोट मिले, जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कमला देवी को 685 मत प्राप्त हुए। जीत की घोषणा के बाद समर्थकों ने आतिशबाजी कर खुशी जताई और मिठाइयां बांटकर बधाई दी। वहीं, उपसरपंच पद पर पिंटू माली विजयी रहे।

सरपंच चुनाव में लाली देवी 364 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहीं। पूजा देवी को 304, कृष्णा देवी को 61, मधु देवी को 53, कांता देवी और हीरू देवी को 25-25, जबकि सजू देवी को 15 वोट मिले।

जीत के बाद राजावत ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए पंचायत क्षेत्र में शिक्षा, पेयजल, सड़क और बुनियादी सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।

### सरदारनगर में मंजू देवी सरपंच, सत्यनारायण तेली निर्विरोध उपसरपंच

**मंजू देवी ने 238 वोटों से दर्ज की जीत, नई पंचायत से ग्रामीणों को विकास की उम्मीद**

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**



ग्राम पंचायत सरदारनगर में मंजू देवी सरपंच निर्वाचित हुईं। उन्होंने गौरी शंकर को 238 वोटों से हराया। मंजू देवी को 1057, गौरी शंकर को 819 और दुर्गेश को 477 वोट मिले। वहीं, उपसरपंच पद पर सत्यनारायण तेली निर्विरोध निर्वाचित हुए।

उपसरपंच पद के लिए निर्धारित समय तक किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया, जिसके बाद सत्यनारायण तेली को निर्विरोध घोषित किया गया। चुनाव परिणाम के बाद ग्रामीणों को नई पंचायत से सड़क, पेयजल, सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं में सुधार की उम्मीद है।

### आकोला में शिवलाल जाट सरपंच, मुकेश धोबी निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित

**मतगणना में शिवलाल जाट ने दर्ज की जीत, मतदान के दौरान देर रात 8 बजे तक चली प्रक्रिया**

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**



शिव लाल जाट सरपंच



मुकेश धोबी उपसरपंच

**जसवंत पारीक।** कस्बे में पंचायती राज चुनाव के बाद शिवलाल जाट सरपंच निर्वाचित हुए, जबकि मुकेश धोबी निर्विरोध उपसरपंच चुने गए। दोनों के निर्वाचन के साथ ग्राम पंचायत को नया नेतृत्व मिल गया है।

शनिवार को सरपंच एवं वार्डपंच पदों के लिए मतदान हुआ। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें लगी रहीं। शाम 6 बजे निर्धारित समय पूरा होने के बावजूद कतारों में मतदाता मौजूद थे, जिसके चलते मतदान प्रक्रिया रात करीब 8 बजे तक जारी रही। इसके बाद मतगणना में शिवलाल जाट सरपंच निर्वाचित हुए।

रविवार सुबह उपसरपंच पद के लिए चुनाव प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें मुकेश धोबी को निर्विरोध चुना गया। पूरी चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### पंडेर में ममता जाट 710 वोटों से जीतीं, जामोली-भरनी में भी पुराने सरपंचों की वापसी

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



पंचायती राज चुनाव के प्रथम चरण में पंडेर, जामोली और भरनी ग्राम पंचायतों में मतदाताओं ने पुराने सरपंचों पर फिर भरोसा जताया। पंडेर में ममता मुकेश जाट ने त्रिकोणीय मुकाबले में जीत दर्ज की, जबकि जामोली से मनीषा देवराज गुर्जर और भरनी से लीला मुकेश धाकड़ दोबारा सरपंच निर्वाचित हुईं। पंडेर में ममता जाट को 1889 वोट मिले। उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांता देवी पत्नी देवराज भाट को 1179 और रितु अजय सुवालका को 842 वोट प्राप्त हुए। ममता जाट ने 710 वोटों से जीत हासिल की। परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों ने आतिशबाजी कर खुशी मनाई। रविवार सुबह देवदर्शन के बाद जुलूस निकाला गया। तीनों पंचायतों के परिणामों के साथ ही क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां थम गईं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।